# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-13.06.2025**

**विषयः- प्राण घातक हमला करने के मामले मे वांछित अभियुक्त कुलदीप निषाद थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, घटना मे प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी व खूनालूद कपड़ा बरामद ।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-379/2025 धारा 109(1),118(1) बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त कुलदीप निषाद पुत्र अवध बिहारी निषाद निवासी ग्राम डुढुवा थाना चौबेपुर वाराणसी को आज दिनांक-13.06.2025 को समय करीब 11.20 बजे पूछताछ के दौरान थाना परिसर चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी व खूनालूद कपड़े को बरामद किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**
दिनांक-13.06.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने विपक्षी कुलदीप निषाद द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करने की नियत से वादी मुकदमा/प्रार्थी के बेटे को धारदार कुल्हाड़ी से उसके सिर, सीने, कंधे व कलाई पर कई वार कर गम्भीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-379/2025 धारा 109(1),118(1) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया । जिसकी विवेचना उ0नि0 जितेन्द्र सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**
कुलदीप निषाद पुत्र अवध बिहारी निषाद निवासी ग्राम डुढुवा थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

**गिरफ़्तारी का स्थान, दिनांक व समय-** थाना परिसर चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से, दिनांक-13.06.2025 को समय करीब 11.20 बजे।

**बरामदगी का विवरण-** घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी व खूनालूद कपड़ा बरामद।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1. मु0अ0सं0-379/2025 धारा 109(1),118(1) बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ़्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 सुरेश सोनकर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अभय प्रताप थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**